FROM No.III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत सहायक कलेक्टर एवं SDO मुकाम बायतु

नरसाराम वगैरा बनाम देराजराम वगैरा

किस्म मुकदमा राजस्व आवेदन 111,128 नं. 137/21 सन 2021

तारीख हुक्म	हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
26/05/2021	प्रार्थी/वादी/अपीलांट के वकील श्री कुम्भसिंह चौधरी ने यह प्रार्थना पत्र/वाद/अपील धारा 111, 128 राजस्थान काश्तकारी/भू राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत पेश किया है। जो दर्ज रजिस्टर हो। विप्रार्थी /प्रतिवादी/रेस्पोडेंट जरिये नोटिस/सम्मन तलब होकर पत्रावली वास्ते जवाब दिनांक 29/06/2021 को पेश हो। सहायक कलक्टर (SDO) बायतु	
29/06/21	... उपस्थित ... पद रिक्त है अतः पत्रावली ... दिनांक 07/09/2021 को पेश हो।	
07/09/21	प्रार्थी वकील उपस्थित। विप्रार्थीगणों के नोटिस तामील मय तामील रिपोर्ट शामिल पत्रावली, अधिकारी ड्यूटी पर होने से मिसल इलतवा होकर आगामी दिनांक 26/11/2021 को पेश हो।	

न्यायालय

क्रमांक : वाद / 2022 / 34

प्रार्थी

26/11/2021 प्रार्थी वकील उपस्थित। विप्रार्थीगण नोटिस तामिल शुदा प्राप्त होकर शामिल पत्रावली किया गया। राजस्थान पंचायतीराज संस्थाओं प्रशासन गांवों के संग अभियान-2021 कैम्पों में व्यस्त होने से मिसल इन्तजार होकर पेशी दिनांक 19/04/2022 को पेश हो।

19/04/2022 प्रार्थी वकील उपस्थित/ विप्रार्थीगण बावजुद तामिल अनुपस्थित/ न्यायालय समय तीन बार आवाज लगाई गई/ अंतिम आवाज 5.45 PM पर लगाई गई। विप्रार्थीगण स्वयं या उनकी ओर से कोई अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुआ। लिहाजा विप्रार्थीगणों के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। प्रार्थी अधिवक्ता की बहस सुनी गई, प्रार्थी के अधिवक्तां द्वारा बताया गया कि प्रार्थी एवं विप्रार्थीगणों के खातेदारी खेत सेढ़ा सेढ़ आए हुए है। प्रार्थी एवं विप्रार्थीगणों के खेत की सीमाओं पर पुरानी माढे एवं कणे बने हुए थे जो वर्तमान में आंधियों की वजह से बिखंर गए है जिससे प्रार्थी एवं विप्रार्थीगणों के बीच खेत की सीमाओं को लेकर हमेशा विवाद बना रहता है इस कारण प्रार्थी को अपने खेत की सीमाओं का सही ज्ञान करवाने बाबत नेखमबंदी करवानी आवश्यक है इसलिए प्रार्थी के नेखमबंदी आवेदन को स्वीकार किया जाकर नेखमबंदी आदेश किया जावें।

अतः प्रार्थी अधिवक्ता के निवेदन पर प्रार्थी का नेखमबंदी आवेदन स्वीकार किया जाकर तहसीलदार बायतु को कमीशनर नियुक्त किया जाकर आदेश दिया जाता है कि आप स्वंय या अपने अधीनस्थः भू. अ. निरीक्षक से प्रार्थी के खातेदारी खेतों की पक्की नेखमबंदी मौके पर कमीशनर शुल्क जमा कराकर करें। पालना रिपोर्ट प्राप्त होने पर शामिल पत्रावली हो, पत्रावली फैसल शुमार हो, दर्ज नम्बर से कम हो, दाखिल दफ्तर हो।

(SDO) बायतु

राजस्थान–सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बायतु

क्रमांक : वाद / 2022 / 349 दिनांक : 19/4/22

प्रार्थी **बनाम** **विप्रार्थीगण**

1. नरसाराम पुत्र लाखाराम,
जाति भाट, निवासी जोगासर कुआं,
पटवार मण्डल छीतर का पार,
तहसील बायतु (बाड़मेर)

1. देराजराम पुत्र कोशलाराम वगैरा 03,
जाति भाट, निवासी जोगासर कुआं,
पटवार मण्डल छीतर का पार,
तहसील बायतु (बाड़मेर)

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956

राजस्व आवेदन संख्या – 137 / 2021

आदेश

प्रार्थी के खातेदारी खेत मौजा – जोगासर कुआं, पटवार हल्का – छीतर का पार, तहसील – बायतु, जिला– बाड़मेर के खेत खसरा नं. 706 / 85 रकबा क्रमशः 2.0387 हेक्टयर भूमि का साधारण सीमाज्ञान करने में राजस्व पटवारी विफल रहें एवं सीमा को लेकर मौके पर तनाजा है। खातेदार को यह अधिकारी है कि वह अपने खातेदारी भूमि का सीमाज्ञान / नेखमबंदी करा सकता है। लिहाजा प्रार्थी का आवेदन अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 स्वीकार किया जाता है एवं तहसीलदार बायतु को कमीशनर नियुक्त किया जाकर आदेश दिया जाता हैं कि कमिशनर स्वंय या सहायक कमिशनर से प्रार्थी के खातेदारी खेंतो की पक्की नेखमबंदी मौके पर निर्धारित कमिशनीर शुल्क 500 /– जमा कराकर करें तथा पालना रिपोर्ट पेश करें। अपेक्षित होने पर संबधित थानाधिकारी से पुलिस इमदाद प्राप्त करने हेतु अधिकृत किया जाता है।

सहायक कलक्टर (SDO) बायतु

सहायक कलक्टर
(जगदीश सिंह आशिया)
उपखण्ड अधिकारी बायतु

क्रमांक : वाद / 2022 / 350 to 354 दिनांक : 19/4/22

प्रतिलिपिः–निम्न को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित है।

1. तहसीलदार बायतु
2. पटवारी हल्का छीतर का पार को भेजकर लेख है कि निर्धारित तारीख को मय रेकर्ड उपस्थित रहकर नेखमबंदी की कार्यवाही पूर्ण करावें।
3. प्रार्थी श्री नरसाराम पुत्र लाखाराम,
4. विप्रार्थी श्री देराजराम पुत्र कोशलाराम वगैरा 03,
5. पुलिस थानाधिकारी बायतु / गिड़ा / नागाणा।

सहायक कलक्टर
उपखण्ड अधिकारी बायतु